**प्रेस विज्ञप्ति**

# फ्लिपकार्ट होलसेल ने बिहार में लॉन्च किया डिजिटल प्लेटफॉर्म्

# स्थानीय फैशन खुदरा विक्रेताओं को आसानी से मिलेगी डिलीवरी

- फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप से जुड़ सकेंगे पटना, पूर्णिया, कटिहार, मुंगेर, मधुबनी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर के फैशन व खुदरा विक्रेता
- छोटे खुदरा विक्रेता अपने घर से फैशन उत्पादों को ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं और आकर्षक बचत ऑफ़र, आसान क्रेडिट सुविधा और सरल ऑर्डर ट्रैकिंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
- फ्लिपकार्ट होलसेल डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य बिहार स्थित व्यवसायों, एमएसएमई को जोड़ना और आजीविका के नए अवसर पैदा करते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

**पटना। 5 जुलाई 2021**: भारत की घरेलू कंपनी फ्लिपकार्ट ग्रुप की डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस कंपनी फ्लिपकार्ट होलसेल ने आज बिहार के सात शहरों में डिजिटल प्लेटफॉर्म - फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप - शुरू करने की घोषणा की है। इस ऐप की मदद से स्थानीय फैशन रिटेलर्स, घर बैठे, बड़ी आसानी से ब्रांडेड परिधान और जूतों की डिलीवरी मंगवा सकते हैं।

फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप अब पटना, पूर्णिया, कटिहार, मुंगेर, मधुबनी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में फैशन खुदरा विक्रेताओं के लिए उपलब्ध होगा, आने वाले महीनों में बिहार के अन्य शहरों में विस्तार की योजना है।

इस लॉन्च के साथ, फ्लिपकार्ट होलसेल डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थानीय एमएसएमई फैशन सामग्री निर्माताओं एवं प्रतिभा सम्पन्न कारीगरों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए पूरे भारत का बाजार उपलब्ध कराएगा और साथ ही उनकी आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा।

**संतोष कुमार मल्ल, आईटी सचिव, बिहार सरकार** ने कहा, "हम फ्लिपकार्ट होलसेल को इसके संचालन के पहले वर्ष में बिहार में प्रवेश करने के लिए बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि बी2बी प्लेटफॉर्म हमारे राज्य में स्थानीय फैशन खुदरा विक्रेताओं को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने में मदद करेगा।"

**फ्लिपकार्ट होलसेल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड आदर्श मेनन** ने कहा, "बिहार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है और हम यहां अपनी मौजूदगी को लेकर उत्साहित हैं। फ्लिपकार्ट होलसेल में, हमारा मुख्य लक्ष्य स्थानीय रूप से विकसित टेक्नोलॉजी की मदद से इस क्षेत्र के फैशन रिटेलर्स और एमएसएमई की आमदनी बढ़ाना है। टेक्नोलॉजी की मदद से इस क्षेत्र के एमएसएमई को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक विस्तृत बाजार मिलेगा वहीं यहां के फैशन रिटेलर्स को गुणवत्तापूर्ण सामान आर्डर करने में भी बहुत आसानी

होगी। हमें विश्वास है कि यह टेक्नोलॉजी स्थानीय व्यवसायों को आजीविका के लिए नए अवसर पैदा करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और अधिक मजबूत व्यवसायिक तंत्र बनाने में मदद करेगी।"

बिहार में फैशन रिटेलर्स, जो कोविड-19 के प्रकोप के बाद उत्पादों के थोक बाजार और फैशन हब तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप पर आ सकते हैं, जो पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के कपड़े और जूते के विस्तृत चयन के लिए एक सुरक्षित वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। यहां भारत के सभी फैशन बाजार जैसे जयपुर, कोलकाता, मुंबई, कानपुर, दिल्ली, सूरत, आगरा, तिरुपुर के सैकड़ों विक्रेताओं के उत्पाद भारी मात्रा में मौजूद हैं।

पिछले साल सितंबर में फैशन श्रेणी के साथ लॉन्च होने के बाद से, फ्लिपकार्ट होलसेल ने 3,000 से अधिक पिन कोड तक अपनी पहुंच बढ़ाई है, बहुत से रिटेलर्स को साथ जोड़ा है और खुदरा विक्रेताओं के लिए जूते, एक्सेसरीज़ और कपड़ों के लिए 7 लाख से अधिक रिटेलर्स की मदद की है।

फ्लिपकार्ट होलसेल से जुड़ने पर ग्राहकों को एक आसान क्रेडिट सुविधा भी मिलती है, साथ ही उन्हें फ्लिपकार्ट की एक विस्तृत श्रृंखला की वजह से गुणवत्ता वाले उत्पाद, सरल और सुविधाजनक ऑर्डर एवं रिटर्न और आसान ऑर्डर ट्रैकिंग सुविधा के साथ सीधे उनकी दुकानों पर उत्पाद की डिलीवरी की सविधा मिलती है। इसके अलावा अपने क्षेत्र के ग्राहकों की मांगों को बेहतर ढंग से समझने के लिए फ्लिपकार्ट टेक्नोलॉजी की मदद से उनका सहयोग करता है ताकि वे सही उत्पाद खरीद और बेच सकें।

बिहार में लॉन्च के अवसर पर इन सात शहरों में फैशन खुदरा विक्रेताओं को फ्लिपकार्ट होलसेल पर पहले लेनदेन पर 10% अतिरिक्त गारंटीकृत बचत और साथ ही थोक खरीद पर अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

डब्ल्यू एंड ऑरेलिया जैसे महिलाओं के वस्त्र ब्रांड बेचनी वाली कंपनी, टीसीएनएस क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा, "हमें फ्लिपकार्ट होलसेल के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, इनके साथ जुड़ने से हमें इस बड़े बाजार में उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अपने वितरण नेटवर्क को और मजबूत करना और बिहार में अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाना है।"

महामारी के दौरान, फ्लिपकार्ट समूह का प्रयास आपूर्ति श्रृंखला और वितरण अधिकारियों एवं ग्राहकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना रहा है। देश भर के ग्राहकों तक मुश्किल समय में हज़ारों की संख्या में डिलीवरी करते हुए ग्राहकों को सुरक्षित रखा है। साथ ही, फ्लिपकार्ट ने अपने साथ जुड़े लाखों विक्रेताओं / एमएसएमई इकाईयों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक सक्रिय बाज़ार की पेशकश करके अपने व्यवसायों को चालू रखने में मदद की है, इस प्रक्रिया में लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हाल ही में कोविड मामलों की बढ़ती संख्या के साथ, फ्लिपकार्ट ने उच्चतम सुरक्षा का पालन किया है और पिछले कई महीनों में मानकों को पूरा करते हुए काम किया है।

**फ्लिपकार्ट ग्रुप के बारे में**

फ्लिपकार्ट ग्रुप भारत के अग्रणी डिजिटल कॉमर्स समूहों में से एक है और इसमें फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, फ्लिपकार्ट होलसेल और क्लियरट्रिप शामिल हैं। 2007 में शुरु हुई फ्लिपकार्ट ने लाखों ग्राहकों, विक्रेताओं, व्यापारियों व लघु कारोबारों को इस काबिल बनाया कि वे भारत की ईकॉमर्स क्रांति का हिस्सा बन सकें। 35 करोड़ प्रयोक्ताओं वाला फ्लिपकार्ट 80 से अधिक श्रेणियों में 15 करोड़ उत्पाद पेश करता है। भारत में ईकॉमर्स को जन-जन तक पहुंचाने, पहुंच और वहनीयता को आगे बढ़ाने, ग्राहकों को खुश करने, लाखों रोजगार पैदा करने, उद्यमियों की पीढ़ियों एवं एमएसएमई को सशक्त करने वाले कदमों से हमें जो सफलता हासिल हुई उससे हमें ऐसी चीज़ें इनोवेट करने में मदद मिली जो इस उद्योग में पहली बार हुई हैं। हमारे नए डिजिटल मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल का हालिया लांच इसका परिचायक है कि हम भारत में किराना और एमएसएमई की वृद्धि को तेज़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फ्लिपकार्ट को कैश ऑन डिलिवरी, नो कॉस्ट ईएमआई और ईज़ी रिटर्न जैसी ग्राहक केन्द्रित पहलों के लिए जाना जाता है जिन्होंने करोड़ों भारतीयों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग को ज्यादा पहुंचनीय व किफायती बना दिया। ऑनलाइन फैशन मार्केट में मजबूत स्थिति वाली मिंत्रा, फ्लिपकार्ट होलसेल और क्लियरट्रिप के साथ फ्लिपकार्ट ग्रुप टेक्नोलॉजी के माध्यम से देश में कारोबार के तरीके को बदलने में सबसे आगे रहकर यूं ही काम करता रहेगा।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया लिखें:** media@flipkart.com